## सार-समाचार

### अन्नकूट महाप्रसादी का वितरण

**दौसा** (निसं.)। गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण सभा जिला दौसा एवं श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट दौसा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्थानीय श्री परशुराम धर्मशाला में जिला स्तरीय दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। श्री परशुराम धर्मशाला में आयोजित अन्नकूट महाप्रसादी वितरण में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने परिवार सहित हिस्सा लेकर पंगत-प्रसादी ठाहण की। महाप्रसादी वितरण से पूर्व भगवान परशुराम के मंदिर में कड़ी, बजारा, चावल और चौले के अलावा खीर, मालपुआ और पूरी सब्जी का भोग लगाकर कार्यक्रम आरंभ किया गया, जो देर शाम तक जारी रहा। समारोह में गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण सभा जिला दौसा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल जैमन, पूर्व जिलाध्यक्ष वैध लक्ष्मीकांत शर्मा सिंगवाड़ा, जिला महामंत्री देवेन्द्र गुमानपुरा, चाणक्य छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष कैलाश भारद्वाज, श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार तिवाडी, उपाध्यक्ष वैद्य विनोद कुमार शर्मा, मंत्री मुकेश जैमन, संगठन मंत्री पुरुषोत्तम जैमन महादेपुरा, कोषाध्यक्ष गोविन्द गौड़ के अलावा ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर मंडावरी, उपाध्यक्ष मदन मनपुरा, संगठनमंत्री मदन पाराशर पिचूपाड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक जटवाड़ा, कार्यालय मंत्री कैलाश बबली महेश्वरा और संगठन प्रभारी रामनारायण पंडा, गोवर्धन पंडा, दौसा ठाामीण अध्यक्ष वैध मुरारी लाल मालगवास, सत्यनारायण शर्मा ट्रांसपोर्टर, पं. रूपेश शास्त्री, धर्मराज शर्मा, रमेश जैमन, शीतल चौबे, पूर्व चेयरमैन सुरेश घोसी, ज्ञान जैमन, नरेंद्र जैमन, सत्यनारायण दुब्बी, रामावतार कौशिक, कैलाश शर्मा तहसीलदार, उर्मिला जोशी, हुकुम मंडावरी, ओम प्रकाश ट्रांसपोर्टवाले, श्याम बिहारी शर्मा टहला और शिवराज शर्मा आदि गणमान्यजन मौजूद रहे।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा।** राजस्थान विप्र महासभा शाखा फुलेरा के तत्वावधान में रविवार को राजू दाधीच की अध्यक्षता में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजबंधुओं ने भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना कर दीपावली की राम-श्यामा की तथा एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी ने जलपान किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में समाज के विकास एवं उत्थान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नंदकिशोर गौड़, यादराम जोशी, प्रभुदयाल दाधीच, सुरेश चंद्र सारस्वत, महेश सहाय शर्मा, महेश दाधीच, मनीष शर्मा, धनराज शर्मा एवं कमलेश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन महासभा के महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा, गोपाल लाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, त्रिलोक चंद शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, मनीष शर्मा, डॉ. सुमित शर्मा, विशाल सुरोलिया, आदित्य दाधीच, शिवकुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश दाधीच, संजय शर्मा, दिनेश सुरोलिया, नंदकिशोर शर्मा, रामप्रसाद जोशी, रामविलास शर्मा, गौरीशंकर पारीक, बजरंग जोशी एवं तनिष्क गौड़ सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

### हादसे में 16 लोग घायल, आधा दर्जन जयपुर रेफर

**लालसोट।** लालसोट क्षेत्र के नगरीयावास में कार और जीप के बीच हुई भीषण भिडंत ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर में करीब 16 लोग घायल हो गए। हादसा इतना गंभीर था कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और घायलों की मदद के लिए आसपास के लोग दौड़ पड़े । हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल लालसोट जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। घायलों में करीब आधा दर्जन की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जीप में सवार लोग दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र से बताए जा रहे हैं। वहीं, जीप में सवार लोगों का संबंध सवाई माधोपुर जिले से भी बताया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। एक ही हादसे में 16 लोगों के घायल होने से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। अब पुलिस जांच में हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा होने का इंतजार है।

### वरिष्ठ नागरिक संस्थान का दीपावली महोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा द्वारा स्टेशन स्थित होटल में भव्य दीपावली महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रविन्द्र विजय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन बानी सेठी एवं प्रभज्योत ने किया। समारोह में संस्थान के सदस्यों ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रामलीला के अंतर्गत सीता हरण पर आधारित नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें राम मदनानी, डॉली मदनानी, रमाकांत शर्मा एवं सी.पी. चोरसिया ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। इसके अलावा महिलाओं के समूह नृत्य में उमंग भार्गव, सुशीला पवन, पूर्णिमा मेहता एवं वंदना मेवाड़ा ने शानदार प्रस्तुति दी। गीत-संगीत, विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं आकर्षक रैंप वॉक ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मनोरंजक खेलों, नंबर हाउजी एवं लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया, जिसका सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष टी.पी.सेठी ने कहा कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सदस्यों के बीच प्रेम, सौहार्द्र, भाईचारे एवं पारिवारिक एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। सेठी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक संस्थान केवल सामाजिक मेल-मिलाप तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा हैं। संस्थान समय-समय पर जरूरतमंदों, अनाथ बच्चों, वृद्धजनों एवं वंचित वर्गों की सहायता के लिए विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित करता रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य संस्थान की प्राथमिकता हैं। उन्होंने सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को एक ऐसा परिवार और मंच प्रदान करना है।

# ग्राम पंचायत तुलसीपुरा नवनिर्वाचित सरपंच अनिल गिठाला ने संभाला पदभार

**पावटा।** पंचायत समिति विराटनगर की ग्राम पंचायत तुलसीपुरा के नवनिर्वाचित सरपंच अनिल गिठाला ने शनिवार सुबह विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में भव्य पदभार ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें ठााम विकास अधिकारी अशोक कुमार, पूर्व सरपंच अर्चना देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया व पदभार ठाहण करवाया। पदभार ठाहण करने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच अनिल गिठाला ने ठाामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वह सभी के आभारी हैं। उनका प्रयास रहेगा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विकास से जुड़े कार्य करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि ठााामीणों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और गांव का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने गांव के विकास की प्राथमिकताओं को लेकर कहा कि गांव की सड़कों और नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, पेयजल व्यवस्था में सुधार, नियमित सफाई, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और जलभराव की समस्या का समाधान करवाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षिणक सुविधाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गांव में स्वच्छता अभियान को गति देने, सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण, जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण और आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का प्रयास रहेगा। युवाओं के लिए खेल मैदान और खेल सुविधाओं का विकास, महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करेंगे।



नवनिर्वाचित सरपंच अनिल गिठाला ने शनिवार सुबह विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया।

- गांव में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विकास से जुड़े कार्य करवाए जाएगे- अनिल गिठाला

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**सवाई माधोपुर।** पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियोजित निर्वाचन पर्यवेक्षक ब्रजेश कुमार चांदोलिया ने रविवार को जिले में चार पंचायत समिति क्षेत्रों में ठााम पंचायतों के सरपंच और वार्ड पंच के पदों पर मतदान के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निर्वाचन पर्यवेक्षक ने पंचायत समिति सवाई माधोपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, इटावा तथा पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौथ का बरवाड़ा स्थित मतदान केन्द्रों के कई बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केंद्रों पर सरपंच और वर्ड पंच के पदों पर मतदान के बाद की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निर्वाचन पर्यवेक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतगणना के लिए निर्धारित कक्षों एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली और मतगणना प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करवाया।

### महिलाओं के समक्ष आने वाले चुनौतियों पर मंथन

**दौसा** (निसं.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा के तत्वावधान में रविवार स्थानीय आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, महिला सशक्तिकरण, शैक्षिक एवं सामाजिक विषयों एवं वर्तमान समय में महिलाओं के समक्ष चुनौति और उनके समाधान पर चर्चा की गई।

सम्मेलन में जिला महिला मंत्री एवं मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य कमला शर्मा ने संगठन का परिचय, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जिला महिला उपाध्यक्ष रश्मि मीना ने संगठन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता सेवानिवृत्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमवती शर्मा ने की। वही दूसरे सत्र की अध्यक्षता सुषमा विजय ने की। राष्ट्र सेविका समिति की वंदना गौतम ने महारानी पद्मावती की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रेरणादाई व्याख्यान दिया।

सत्र का संचालन जिला महिला मंत्री उर्मिला जांगिड ने किया। तीसरे सत्र का मुख्य विषय महिलाओं के समक्ष चुनौतियां रहा। तीसरे सत्र की अध्यक्षता सेवानिवृत्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अंजना त्यागी मुख्य ने की।

### गुलमोहर स्कूल में सजी काव्य रसधार, कवियों की रचनाओं ने बांधा समां

**पावटा।** कस्बे के गुलमोहर स्कूल प्रांगण में रविवार को संकल्प साहित्य साधना मंच पावटा के तत्वावधान में भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्यिक माहौल में सजी इस गोष्ठी में जिले के वरिष्ठ एवं युवा कवियों ने अपनी ओजपूर्ण कविताओं, मधुर गीतों और भावपूर्ण गजलों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, संस्कृति, देशभक्ति, प्रेम और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकल्प साहित्य साधना मंच के अध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश जोशी ने की, जबकि धर्मपाल धर्म विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील सलोना ने प्रभावशाली अंदाज में किया। गोष्ठी का शुभारंभ भारत एवं भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात उमेश चंद्र चंदर ने सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति देकर साहित्यिक आयोजन का आगाज किया। अध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश जोशी ने अपनी राजस्थानी कविता के माध्यम से स्थानीय संस्कृति और भाषा की मिठास बिखेरी, जिस पर श्रोताओं ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। काव्य गोष्ठी में मंच के संरक्षक उमेश चंद्र चंदर, कल्याण बख्श कल्याण, नरेश जांगिड जिज्ञासु, शंभू दयाल गढ़वाल, राधेश्याम गंधर्व, दीपक बंसल, प्रकाश प्रियम, भवानी सिंह भूधर, सुनील सलोना, सुरेश धमोरा एवं डॉ. रूप नारायण असवाल सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। कवियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, भारतीय संस्कृति, प्रेम, राष्ट्रप्रेम और जीवन के विविध पहलुओं को शब्दों में पिरोकर श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया। एक से बढ़कर एक काव्य प्रस्तुतियों के बीच पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय कवि एवं आयोजक नरेश जांगिड जिज्ञासु ने सभी कवियों, अतिथियों एवं उपस्थित साहित्यप्रेमियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर साहित्यकारों ने साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना और हिंदी-राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया।

- संकल्प साहित्य साधना मंच की काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ एवं युवा कवियों ने कविता, गीत और गजलों से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

### चौथे चरण में सरपंच-पंच पदों के लिए मतदान आज

**सवाई माधोपुर।** पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के चतुर्थ चरण में जिले की सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, चौथ का बरवाड़ा एवं वजीरपुर पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पदों के लिए सोमवार, 16 नवंबर को मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि मतदान प्रात: 7 से सायं 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद ठााम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी, जबकि उपसरपंच पद के लिए निर्वाचन 17 नवंबर को होगा।मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा सरपंच एवं पंच पदों के चुनाव बैलेट पेपर से होंगे।

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को छोडकर मोबाइल फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस सेट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने तथा उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा घेराबंदी के भीतर भी इन उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में उपकरण जब्त किए जा सकेंगे । जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अफवाहों से दूर रहने, लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की है।

### बिरसा मुंडा जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रुप में मनाई

**कोटा,** (निसं)। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर रविवार को रायपुरा चौराहा स्थित कार्यालय में एसटी जिला अध्यक्ष कर्मेन्द्र मीणा के नेतृत्व में जनजातीय गौरव दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एसओ जिला अध्यक्ष ने बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, त्याग, बलिदान एवं जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार हमें समाज में एकता, शिक्षा, स्वाभिमान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से उनके आदर्शों पर चलने तथा जनजातीय समाज के उत्थान, सम्मान एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में एसटी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दिनेश मीणा मामा, पवन मीणा, पहलवान मीणा, नईम, मंडल महामंत्री संतोष मीणा, दिनेश मेहता, विष्णु मीणा, भारत जैन मामा, रामगोपाल बेरवा, रामदेव, धनराज बेरवा सहित कई।

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी स्थित कैलाशपुरी में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, समारोह का आयोजन एडवोकेट अशोक चौधरी द्वारा किया गया। दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल उज्जवल ने कविता पाठ किया, समारोह में शामिल हुए अधिवक्ताओ ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी, समारोह में मौजूद रहे।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम कमल कुमार महर्षि से कमल कुमार शर्मा पुत्र श्री मनोहर लाल शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी फ्लैट नम्बर 202, स्कीम नम्बर 14 बी, विधाधर नगर, प्लाट नम्बर 48, मल्होत्रा नगर, जयपुर

मैंने अपना नाम SHRUTI SARRAF से बदलकर SHRUTI रख लिया है भविष्य में मुझे SHRUTI के नाम से जाना जाए पताः- बखरानियों का मोहल्ला, मेड़ता सिटी, नागौर, राजस्थान 341510

मैंने अपना नाम KAUSALIYA से बदलकर KAUSHALIYA DEVI SONI रख लिया है भविष्य मुझे KAUSHALIYA DEVI SONI के नाम से जान जाए पताः- बखरानियों का मोहल्ला, मेड़ता सिटी, नागौर, राजस्थान 341510

### सम्मन बनाम कायम मुकाम

(आर्डर 22 रूल 4, जाब्ता दीवानी)

अज अदालत अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम सं. 1, सांभरलेक (जिला जयपुर)

**गुलखा उर्फ गुलाब देवी**

**बनाम**

**श्रीमति ग्यारसी देवी वगै.**

दावा बाबत घोषणा, निरस्तीकरण विक्रय विलेख एवं स्थायी निषेधाज्ञा

मुकदमा नं. 01 सन् 2018

बनाम -

1.मुसम्मी सीमा पुत्री लालचन्द, माता स्व. ग्यारसी देवी, कौम धानका (1/2)

2. मुसम्मी लाली पुत्री लालचन्द, माता स्व. ग्यारसी देवी, कौम धानका (1/3)

साकिन निवासी- मकान नंबर 359, जे.पी. कॉलोनी, जोन नंबर 03, अमानीशाह बाबा की मस्जिद के पास, अरमान मीट शॉप के सामने, शास्त्रीनगर, जयपुर।

चूंकि वादीगण ने इस अदालत में 1. गुलखा उर्फ गुलाब देवी बनाम 2. श्रीमति ग्यारसी देवी वगै. दायर की जो कि बाद में फौत हो गया और चूंकि प्रतिवादियां ग्यारसी देवी मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी लाली पुत्री लालचन्द व सीमा पुत्री लालचन्द मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 1/2 व 1/3 बनायें जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही आपको तारीख 17.11.2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 13.10.2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से रीडर प्रथम

मोहर न्यायालय

अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-01 सांभरलेक, जिला जयपुर

### सम्मन बनाम कायम मुकाम

(आर्डर 22 रूल 4, जाब्ता दीवानी)

अज अदालत अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम सं. 1, सांभरलेक (जिला जयपुर)

**गुलखा उर्फ गुलाब देवी**

**बनाम**

**श्रीमति ग्यारसी देवी वगै.**

दावा बाबत प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा

मुकदमा नं. 01 सन् 2018

बनाम -

1.मुसम्मी सीमा पुत्री लालचन्द, माता स्व. ग्यारसी देवी, कौम धानका (1/2)

2. मुसम्मी लाली पुत्री लालचन्द, माता स्व. ग्यारसी देवी, कौम धानका (1/3)

साकिन निवासी- मकान नंबर 359, जे.पी. कॉलोनी, जोन नंबर 03, अमानीशाह बाबा की मस्जिद के पास, अरमान मीट शॉप के सामने, शास्त्रीनगर, जयपुर।

चूंकि वादीगण ने इस अदालत में 1. गुलखा उर्फ गुलाब देवी बनाम 2. श्रीमति ग्यारसी देवी वगै. दायर की जो कि बाद में फौत हो गया और चूंकि प्रतिवादियां ग्यारसी देवी मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी सीमा पुत्री लालचन्द / लाली पुत्री लालचन्द मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 1/2 व 1/3 बनायें जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही आपको तारीख 17.11.2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 13.10.2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से रीडर प्रथम

मोहर न्यायालय

अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-01 सांभरलेक, जिला जयपुर

# मजदूर व महिलाओं को जज ने दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**टोंक।** जिला मुख्यालय पर 14 से 15 नवंबर तक आयोजित विधिक सेवा सप्ताह का समापन रविवार को हो गया। इस दौरान असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता की पात्रता और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई। वहीं, 14 नवंबर से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं और बच्चों को जागरूक करने के लिए विशेष पखवाड़ा अभियान भी शुरू किया गया। ये कार्यक्रम अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सेशन न्यायाधीश मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

अतिरिक्त जज जलुथरिया ने बताया कि ने बताया कि सप्ताह के दौरान जिले में कई लक्षित वर्गों तक विधिक जागरूकता पहुंचाने के उद्देश्य से कई प्रोग्राम किए गए। यह जागरूकता गतिविधियां जिला मुख्यालय के साथ-साथ कई तालुका विधिक सेवा समितियों के माध्यम से भी आयोजित की गईं। सप्ताह के आखिली दिन 15 नवम्बर को भी विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विधिक सेवा सप्ताह का समापन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं और बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक करना और नशा मुक्ति, पुनर्वास से संबंधित उपलब्ध सहायता और सेवाओं की जानकारी प्रदान करना है।



युवा को नशामुक्ति के लिए जागरूक किया।

# उपद्रव की धमकी देने वाले दो युवक गिरफ्तार

**लालसोट।** युवती के अपहरण के मामले की जांच के दौरान लालसोट थाने में उस समय हंगामे की स्थिति पैदा हो गई, जब पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए लाए गए दो युवकों ने थानाधिकारी के सामने ही ऊंची आवाज में धमकी देना शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों ने थानाधिकारी से कहा कि आप मुझे यहां क्यों लेकर आए हो, मैं आपको देख लूंगा। इतना ही नहीं, युवती के परिजनों को भी बाद में देख लेने की धमकी दी तथा थाने में उपद्रव करने की चेतावनी दी।

पुलिस के अनुसार परिवादी श्यामलाल सैनी ने अपनी पुत्री अर्चना सैनी के अपहरण के संबंध में परिवाद पेश किया था। मामले की जांच के दौरान युवती अर्चना सैनी अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची थी। इस दौरान संदिग्ध जितेन्द्र सैनी एवं गुलकेश सैनी भी थाने पर मौजूद थे। जांच के दौरान दोनों युवकों ने पुलिस के सामने तेज एवं बुलंद आवाज में हंगामा करते हुए कहा कि उन्होंने किसी का अपहरण नहीं किया है और अर्चना सैनी के परिजन उन पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने पुलिस से उन्हें छोड़ने की मांग करते हुए उपद्रव करने की धमकी भी दी। पुलिस के मुताबिक थानाधिकारी एवं थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को बार-बार समझाइश की, लेकिन वे नहीं माने और थाने में अशांति उत्पन्न करने लगे। इसके बाद पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दोनों को उनके कृत्य से अवगत कराते हुए नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना भी नियमानुसार दी गई।

# उत्साह के साथ मनाया जनजाति गौरव दिवस

**बूंदी।** 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'जनजाति गौरव दिवस' का जिला-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा व सहायक सांख्यिकी अधिकारी धारासिंह मीणा ने दीप प्रज्ज्वलन और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा चलाए गए 'उलगुलान' और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए दिए गए उनके अद्वितीय बलिदान को याद किया। इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जनजाति गौरव दिवस' से संबंधित मुख्य कार्यक्रम केसंबोधनका जीवंत प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) का प्रदर्शन किया गया,जिसेउपस्थित सभी लोगों ने देखा। कार्यक्रम के दौरान जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं (चित्रकला, निबंध, खेलकूद, कुश्ती दौड़ आदि) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कन्या आश्रम जनजाति छात्रावास (बड़ोदिया व खटकड़) की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनजाति समुदाय के विकास और सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रशासनिक एवं जिला परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।


नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# रुद्रांश खंडेलवाल को मिला अर्जुन अवॉर्ड, हादसे में गंवाया था पैर

**भरतपुर** (निसं)। मुश्किलें जब हौसलों से टकराती हैं तो जीत हमेशा हिम्मत की होती है। भरतपुर के पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल ने अपनी मेहनत, लगन और मजबूत इच्छाशक्ति से इस बात को साबित कर दिखाया है। आठ साल की उम्र में एक दर्दनाक हादसे में अपना एक पैर गंवाने वाले रुद्रांश ने कभी हार नहीं मानी। कृत्रिम पैर के सहारे दोबारा चलना सीखा और फिर निशानेबाजी को अपना लक्ष्य बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया। उनकी इसी असाधारण उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर उनके माता-पिता विनीता खंडेलवाल और आशुतोष खंडेलवाल भी मौजूद रहे। रुद्रांश की सफलता के पीछे संघर्ष की लंबी कहानी है। 24 जनवरी 2015 को एक शादी समारोह के दौरान आतिशबाजी की सामठाी में हुए विस्फोट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पैर में गंभीर चोट और संक्रमण फैलने के कारण डॉक्टरों को उनकी जान बचाने के लिए एक पैर काटना पड़ा। इस हादसे के बाद उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होने में करीब तीन साल का समय लगा। इतनी कम उम्र में जीवन की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करने के बावजूद रुद्रांश ने हिम्मत नहीं हारी। इस कठिन दौर में मां विनीता खंडेलवाल ने बेटे का आत्मविश्वास बनाए रखा। जब रुद्रांश को लगता था कि अब वह दूसरे बच्चों की तरह खेल नहीं पाएंगे, तब मां उन्हें भरोसा दिलाती थीं कि वे भी अपने सपने पूरे कर सकते हैं। परिवार के सहयोग से उन्होंने कृत्रिम पैर के सहारे दोबारा चलना सीखा और धीरे-धीरे सामान्य जिंदगी की ओर लौटे। इसके बाद शूटिंग कोच सुमित राठी के मार्गदर्शन में निशानेबाजी का सफर शुरू हुआ। देखते ही देखते यह जुनून उनकी पहचान बन गया और मेहनत के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रुद्रांश ने पैरा शूटिंग में अब तक चार बार विश्व रिकॉर्ड तोड़कर अपनी प्रतिभा साबित की है। वर्ष 2023 में वह 50 मीटर शूटिंग स्पर्धा में दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी भी रहे। उ